

# सिंहस्थ महापर्व की तैयारियां जारी

**बड़वानी, (नवभारत)।** वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले वैश्विक आस्था के केंद्र सिंहस्थ महापर्व को सुरक्षित, सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बड़वानी पुलिस द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर के नौवें सत्र का 27 जुलाई 2026 को शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इस सत्र में जिले के 35 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने कहा कि पुलिसकर्मियों को चुनौतियों का सामना विनम्र पर सख्त की भावना के साथ करना होगा। एसपी श्री शुक्ल ने जिले में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का उल्लेख करते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नशे से दूर रहने तथा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने का आह्वान किया।



बड़वानी पुलिस का नौवां विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित

### टीओटी मॉडल पर आधारित प्रशिक्षण

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रमुख विशेषता इसका टीओटी मॉडल है। इसके अंतर्गत वर्तमान सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 35 अधिकारी एवं कर्मचारी'' आगामी समय में मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाएंगे। ये मास्टर ट्रेनर विभाग द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण कैलेंडर के अनुसार जिले के शतप्रतिशत पुलिस बल को चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षित करेंगे।

### वरिष्ठ अधिकारियों की रही उपस्थिति

प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर एएसपी धीरज बब्बर, रक्षित निरीक्षक उषा सिसोदिया, निरीक्षक रमेश प्रसाद तिवारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे। समस्त अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए सेवाभाव, सजगता एवं सहनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

## सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**बड़वानी।** जिला दण्डाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में 7 दिवसीय 150 सिविल डिफेंस स्वंयसेवक प्रशिक्षण के तीसरे दिन प्रशिक्षणार्थियों को मुकेश मीणा, कंपनी कमाण्डर एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा सीपीआर चॉकिंग एवं एमएफआर किसी भी आपातकालीन घटना में सर्वप्रथम घायलों का उपचार कैस करे एवं उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाना आदि सिखाया गया। शरदचन्द्र राय जिला सेनानी द्वारा देश में बढ़ रही सायबर ठगी से बचने के लिए आवश्यक उपाय बताए गए, जिसमें कोई भी अपनी पर्सनल डिटेल्स की जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति को सांझा नहीं करे आदि महत्वपूर्ण बाते बताई गई।



## वृहद वृक्षारोपण को संकल्प

**बड़वानी, (नवभारत)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की प्रेरणा से बोकराटा स्थित मालबेड़ी माता टेकरी को प्राकृतिक, धार्मिक व पर्यावरणीय दृष्टि से विकसित कर रमणीय स्थल बनाने के उद्देश्य से रविवार को माता टेकरी स्थित मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्रामवासियों, प्रकृति प्रेमियों, धर्मप्रेमी बंधुओं एवं मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने महत्वपूर्ण सुझाव और सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर राजीव सक्सेना ने वृक्ष गंगा अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। टेकरी के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी। इसके तहत 555 पौधों का वृक्षारोपण कर टेकरी को हराभरा बनाने का संकल्प लिया गया।

### शिवालय स्थापना का लिया निर्णय

श्रद्धालुओं की आस्था को व सुदृढ़ करने के उद्देश्य से माता मंदिर परिसर में भगवान शिव के शिवालय की स्थापना का निर्णय लिया। प्रांतीय प्रतिनिधि महेंद्र भावसार, जिला समन्वयक विक्रम जमरे ने ग्राम वासियों की पहल पर हर्ष व्यक्त कर जानकारी दी।

## गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग



### पहुंचे कलेक्टोरट

जिला प्रभारी लखन विश्वकर्मा एवं ठीकरी के शैलेन्द्र महाजन के नेतृत्व में अभियान से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कलेक्टोरेट पहुंचे।

- हस्ताक्षर अभियान का द्वितीय चरण सम्पन्न
- लाखों लोगों का मिला समर्थन

**बड़वानी, (नवभारत)।** गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर जिलेभर में चलाए जा रहे द्वितीय चरण के विशाल हस्ताक्षर अभियान का सोमवार को समापन हुआ। पिछले छह माह से गौ सम्मान अभियान के अंतर्गत संचालित इस जनजागरण अभियान में जिलेभर के 5 लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। अभियान के समापन के बाद गौ सेवकों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन एवं हस्ताक्षरों की पेन ड्राइव सौंपकर केंद्र सरकार तक अपनी मांग पहुंचाने का आग्रह किया।

गायत्री धाम के पंडित मेवालाल पाटीदार ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान को जिलेभर में अभूतपूर्व जनसमर्थन मिला है। अभियान से जुड़े गौ सेवकों ने केंद्र सरकार से देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा इसके लिए प्रभावी कानून बनाने की मांग भी की। इस दौरान अनेक कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से गौ संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता बताई।

गायत्री परिवार महिला मंडल की ममता तोमर एवं पूनम पंडित, जिला सह-समन्वयक दिनेश चौधरी ने कहा कि सड़कों पर दुर्घटनाओं में गौ माताओं की मौत हो रही है तथा चोरी-छिपे गौ हत्या की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कठौर कानून बनाए जाने चाहिए। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को शासन तक भेजा जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में गौ सेवक एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नागरिकों से गौ माता के संरक्षण एवं सम्मान के लिए आगे आने की अपील की।

## बड़वानी के धर्मेंद्र सोनी बने आत्मनिर्भर

**बड़वानी, (नवभारत)।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी और सड़क किनारे काम करने वाले छोटे दुकानदारों के लिए आर्थिक संबल बनकर उभरी है। योजना का लाभ लेकर धर्मेंद्र सोनी ने अपने छोटे व्यवसाय को नई पहचान दी। आज वे सफलतापूर्वक अपना कारोबार संचालित कर रहे हैं।



धर्मेंद्र सोनी ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले नगर पालिका के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 10000 के ऋण के लिए आवेदन किया। ऋण स्वीकृत होने के बाद उन्होंने शहर में इलेक्ट्रिकल्स की दुकान प्रारंभ की। समय पर ऋण चुकाने से उन्हें योजना के अगले चरण में 50000 का ऋण मिला। इस राशि से उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया और बड़वानी के एमजी रोड़ पर किराए की दुकान लेकर कारोबार को आगे बढ़ाया। आज उनके व्यवसाय में वृद्धि होने के साथ-साथ आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों के लिए अत्यंत लाभकारी योजना है। इससे बिना किसी निजी उधारी के आसानी से ऋण उपलब्ध हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की इस पहल ने उनके जैसे छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला।

## कारगिल विजय दिवस पर प्रेरणादायक कार्यक्रम

**निवाली, (नवभारत)।** शासकीय महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों एवं कारगिल युद्ध के अमर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सुल्तान मोरे के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य एवं राष्ट्र के प्रति उनके सर्वोच्च समर्पण को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों से देशभक्ति, अनुशासन तथा राष्ट्रसेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। डॉ चांदनी गोले ने समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। डॉ पीसी किराड़े ने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देशसेवा एवं समर्पण की भावना विकसित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत कारगिल युद्ध पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान प्रो मनीष किराड़, प्रो नीलम डावर, प्रो रोशनी डावर, प्रो मुकेश तरोले, डॉ कलीराम पाटिल, डॉ विजय चौधरी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### प्रभारी मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी।** प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ गौतम टेटवाल 28 जुलाई को रात्रि 9 बजे बड़वानी आकर सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। सुबह 9 बजे अंजड़ के लिए प्रस्थान कर वहां वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं इंटरनेशनल टाईगर दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। 10.30 बजे अंजड़ से बोरलाय के लिए प्रस्थान कर आजीविका गतिविधयों का अवलोकन कर दीदीयों से संवाद करेंगे। 11 बजे सेंधवा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12.10 बजे सांदीपनी विद्यालय सेंधवा एवं अन्य 2 सांदीपनी विद्यालयों का लोकार्पण करेंगे। 1.5 बजे नशामुक्ति अभियान अंतर्गत फुटबॉल मैत्री मैच का शुभारंभ करेंगे। 2.30 मोरदड़ के लिए प्रस्थान करेंगे। 2.50 बजे मोरदड़ आगमन एवं सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के पम्प हाउस का अवलोकन एवं भ्रमण करेंगे। दोपहर 3 बजे प्रभारी मंत्री सारंगपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अलीराजपुर

### एक नजर में

## विधिक साक्षरता शिविर में आदिवासी ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी

**आलीराजपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलीराजपुर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत अकोलिया (पटेल फलिया), चांदपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आदिवासी ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, शासन की योजनाओं एवं उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री जय पाटीदार ने पॉक्सो (क्ष्ह्र्स्ह्) अधिनियम, बच्चों के संरक्षण से संबंधित कानून, बच्चों की शिक्षा, वात्सल्य योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना तथा लोक अदालतों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालतों के माध्यम से विवादों का त्वरित एवं सरल समाधान किया जा सकता है। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शक्ति रावत ने स्थानीय भाषा में ग्रामीणों को विधिक सहायता सलाह योजना एवं मध्यस्थता योजना की जानकारी दी। वहीं लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने यातायात नियम, शिक्षा के अधिकार एवं ड्राइविंग से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर जानकारी साझा की। साथ ही पैरालीगल वालंटियर ने बच्चों के अधिकार, बाल कल्याण, साइबर अपराध, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की टोल-फ्री हेल्पलाइन 15100 के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु जानकारी पुस्तिकाओं एवं पंपलेटों का भी वितरण किया गया।

## कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**आलीराजपुर।** कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर सभा कक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं लक्ष्य आधारित कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए प्रत्येक पात्र हितग्राही तक उनका लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी मातृशक्ति एवं डायबिटीज मरीजों की जानकारी शासन के पोर्टल पर दर्ज की जाए तथा प्रत्येक मरीज का पुन: स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग अभियान में तेजी लाई जाए। उन्होंने सभी विभागों को टीबी मरीजों को फूड किट उपलब्ध कराने तथा निक्षय मित्र अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश भी दिए। मलेरिया नियंत्रण एवं स्वच्छता की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में नियमित रूप से मलेरिया निरोधी दवा का छिड़काव कराया जाए तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।



## एआईजे की 12वीं राष्ट्रीय वार्षिक महासभा में दिखी एकता का संगम

### मुंबई में 22 राज्यों के पदाधिकारी पत्रकार हितों के लिए बने दूरगामी संकल्प

**आलीराजपुर।** संगठन की शक्ति ही पत्रकार का सम्मान है। इसी प्रेरक संकल्प को साकार करते हुए एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट (एआईजे) भारतीय पत्रकार संघ की 12वीं राष्ट्रीय वार्षिक महासभा (GM-2026) मुंबई के अंधेरी (पश्चिम) स्थित नवनीत गुजराती समाज भवन में हुई। इसमें देश के 22 राज्यों के पदाधिकारियों के साथ महाराष्ट्र के 150 पदाधिकारियों ने शामिल होकर पत्रकार कल्याण का प्रेरणादायी मंच बना दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन अध्यक्षता करते हुए कहा कि एआईजे केवल एक संगठन नहीं, बल्कि देशभर के पत्रकारों का सशक्त राष्ट्रीय परिवार है।

### पत्रकार हित सर्वोच्च प्राथमिकता

हमारा उद्देश्य पत्रकारों का सम्मान, सुरक्षा, अधिकार और स्वाभिमान सुनिश्चित करना है। संगठन की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। पत्रकार कल्याण के लिए उच्च शिक्षा एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े 34 सेवा अनुबंध एआईजे की महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष और आयोजन अध्यक्ष एमएस शेख ने स्वागत भाषण में कहा कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों के लिए एआईजे निरंतर समर्पित है। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा और समर्पण की भावना से कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी पत्रकार हित सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगा। राष्ट्रीय संरक्षक और वरिष्ठ संपादक क्रांति चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है। पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।राष्ट्रीय संस्थापक संरक्षक जीतू सोनी ने कहा कि 22 राज्यों से पदाधिकारियों की सहभागिता संगठन की मजबूती का प्रमाण है। राष्ट्रीय महासचिव मनोहर मंडलोई, महाराष्ट्र के कार्यवाहक अध्यक्ष सिकंदर नदाफ, एडवोकेट अरिहंत नाहर, महिला विंग की राष्ट्रीय चेयरमैन दीपिका द्विवेदी और अन्य ने भी संबोधित किया। संचालन तैनूर शेख ने किया।

## 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 3 .0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**आलीराजपुर,** 27 जुलाई 2026।* आलीराजपुर जिले में बीते 24 घंटे में प्रात: 08 बजे तक 3.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। तहसीलवार वर्षा में आलीराजपुर में 6.0 मि.मी., जोबट में 1.1 मि.मी., उदयगढ़ में 0.0 मि.मी., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 5.0 मि.मी., कट्ठीवाड़ा में 2.0 मि.मी. तथा सोण्डवा में 4.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। जिले में कुल 18.4 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई। जिले में 01 जून 2026 से 27 जुलाई 2026 तक 153.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलवार आलीराजपुर में 147.2 मि.मी., जोबट में 140.4 मि.मी., उदयगढ़ में 211.6 मि.मी., चन्द्रशेखर आजाद नगर में 131.8 मि.मी., कट्ठीवाड़ा में 232.0 मि.मी. तथा सोण्डवा में 60.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले में कुल 923.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 633.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। उक्त जानकारी अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई।

## खेल के मैदान से उठा नशामुक्ति का संकल्प, जिलेभर में रैली

- मैराथन और मानव श्रृंखला से दिया जागरूकता का संदेश
- एसपी रघुवंश सिंह ने क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित, युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील

**आलीराजपुर।** 27 जुलाई। जिले में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान सोमवार को जनभागीदारी के नए उत्साह के साथ आगे बढ़ा। खेल मैदान से लेकर स्कूल परिसरों तक युवाओं और विद्यार्थियों ने रैली, मैराथन, क्रिकेट प्रतियोगिता, चित्रकला, रंगोली और मानव श्रृंखला के माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश दिया। पूरे जिले में दिनभर चले कार्यक्रमों ने अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया।

कॉलेज ग्राउंड, आलीराजपुर में साइबर सेल द्वारा आयोजित नशा मुक्ति 2.0 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा युवाओं से खेल और सकारात्मक गतिविधियों को अपनाकर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अभियान का संदेश अंकित टी-शर्ट और कैप भी वितरित किए गए। उधर थाना आजाद नगर ने बरझर स्थित शासकीय सीनियर बालक छात्रावास में विद्यार्थियों के बीच नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। रैली और मैराथन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।





## फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ रवाना

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं किसानों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में जागरूकता रथ को रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर किसानों को फसल बीमा योजना के लाभ, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, अंतिम तिथि तथा प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की स्थिति में मिलने वाले बीमा संरक्षण की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर माथुर ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं।

### एक नजर

हजारों गौभक्त हाथों में भगवा ध्वज व तख्तियां लेकर हुए शामिल

## गौ सम्मान आव्हान के लिए एसडीएम को सौंपा गया प्रार्थना-पत्र

**आलीराजपुर।** गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने सहित गौ संरक्षण एवं गौसंवर्धन से जु?ी विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को आलीराजपुर नगर में भव्य गौ सम्मान आव्हान यात्रा निकाली गई। यात्रा में जिलेभर से हजारों गौभक्त, महिला-पुरुष, युवक, युवतियां एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे नगर में भगवा ध्वज, भजन-कीर्तन और गौमाता के जयघोष से धार्मिक एवं राष्ट्रभक्ति का वातावरण दिखाई दिया। गौ सम्मान यात्रा राजवा?ा से प्रारंभ होकर झंडा चैक, रामदेव मंदिर, दाहोद नाका होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची। यात्रा में श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज एवं गौ संरक्षण से संबंधित संदेश लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दो, गौहत्या बंद करो, गौ रक्षा-राष्ट रक्षा, गौ बचाओ-देश बचाओ तथा गौ तस्करी बंद करो जैसे नारों से पूरा नगर गूंज उठा। नगरवासियों ने भी कई स्थानों पर यात्रा का स्वागत कर गौभक्तों का उत्साहवर्धन किया।



यात्रा की विशेष पहचान अनुशासित एवं एकरूप वेशभूषा रही। पुरुष श्रद्धालु सफेद कुर्ता-पायजामा पहनकर तथा मातृशक्ति पीली सा?ी धारण कर यात्रा में शामिल हुई। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी हाथों में तख्तियां लेकर गौ संरक्षण का संदेश दिया। भजन मंडलियों द्वारा संकीर्तन एवं गौ महिमा के भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।